नव भारत


4 राज-उद्धव तालमेल को लेकर अटकलें


5 2025-26 में खाद्यान्न रिकॉर्ड संभव


8 मुझे कप्तानी पसंद है : श्रेयस अय्यर


9 भारत ने 11 वर्षों में कैशलेस क्रांति को अपनाया

# प्रगति के साथ जीवन में सुगमता

## मोदी के 11 साल के सुशासन से विभिन्न क्षेत्रों में आया व्यापक बदलाव

**नई दिल्ली 09 जून. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में देश ने 140 करोड़ लोगों की सामूहिक भागीदारी से सुशासन के बल पर विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखा है, जिससे तेजी से प्रगति हुई है और 'जीवन में सुगमता' आयी है. मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के कार्यकाल के 11 वर्ष पूरे होने पर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि जलवायु परिवर्तन और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी बन गया है.**

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014 में राजग सरकार के केन्द्र की सत्ता में आने के बाद श्री मोदी ने पहली बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी. प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के 11 वर्ष पूरे होने के अवसर पर श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, सबका साथ, सबका विकास,




सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत से प्रेरित होकर राजग सरकार ने तेजी से और संवेदनशीलता के साथ युगांतकारी परिवर्तन किए हैं. मोदी ने कहा है कि आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक, सरकार ने जन-केंद्रित, समावेशी और सर्वांगीण प्रगति को प्राथमिकता दी है.

उन्होंने कहा कि भारत आज न केवल सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है, बल्कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कार्रवाई और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी है.


प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को अपनी सामूहिक सफलता पर गर्व है लेकिन इसके साथ ही, हम आशा व विश्वास के साथ विकसित भारत के निर्माण के लिए नए संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं. उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि पिछले 11 वर्षों में कई सकारात्मक बदलाव आए हैं और जीवन की सुगमता को बढ़ावा मिला है. मोदी ने सरकार की उपलब्धियों को संवाद-शैली के माध्यम से प्रस्तुत करने वाली नमो ऐप के माध्यम से इस परिवर्तनकारी यात्रा के बारे में जानकारी जुटाने के लिए देशवासियों को प्रोत्साहित भी किया है. इस ऐप के जरिए इंटरैक्टिव गेम, क्विज़, सर्वेक्षण और अन्य प्रारूपों के माध्यम से प्रेरणादायी जानकारी प्राप्त की जा सकती है. प्रधानमंत्री ने लोगों को नमो ऐप और आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध वीडियो, इन्फोग्राफिक्स और लेखों जैसे विभिन्न आकर्षक प्रारूपों के माध्यम से भारत की विकास यात्रा के बारे में जानकारी लेने के लिए भी आमंत्रित किया.

श्री मोदी ने अपने पोस्ट में कहा, सुशासन और परिवर्तन पर स्पष्ट ध्यान! 140 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी के बल पर भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से परिवर्तन देखे हैं. 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के सिद्धांत से प्रेरित होकर, एनडीए सरकार ने तेजी से और संवेदनशीलता के साथ युगांतकारी परिवर्तन किए हैं. आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक, जन-केंद्रित, समावेशी और सर्वांगीण प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया गया है. हमें अपनी सामूहिक सफलता पर गर्व है, लेकिन साथ ही, हम एक विकसित भारत के निर्माण के लिए आशा, विश्वास और नए संकल्प के साथ आगे बढ़ते हैं!

### राष्ट्रीय सुरक्षा का नया युग : शाह



**नयी दिल्ली 09 जून.** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केन्द्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में देश ने आर्थिक पुनरुत्थान, सामाजिक न्याय, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय सुरक्षा का एक नया युग देखा है। शाह ने राजग सरकार का 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के मौके पर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, मोदी सरकार के ऐतिहासिक 11 वर्ष जनसेवा के संकल्प, साधना और समर्पण का स्वर्णिम कालखंड रहे हैं। ग्यारह वर्ष के कार्यकाल में देश ने आर्थिक पुनरुत्थान, सामाजिक न्याय, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय सुरक्षा का एक नया युग देखा है। मोदी सरकार ने यह सिद्ध कर दिया कि जब नेतृत्व स्पष्ट, संकल्प अडिग और नीयत लोकसेवा की होती है, तब सेवा, सुरक्षा और सुशासन के नए कीर्तिमान बनते हैं। वर्ष 2014 से पहले सरकार में पॉलिसी पैरालिसिस और नेतृत्व की कमी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, 2014 में जब मोदी जी ने देश की बागडोर संभाली, तब देश में पॉलिसी पैरालिसिस था। न नीतियाँ थीं, न नेतृत्व था और सरकार में घोटाले चरम पर थे। अर्थव्यवस्था जर्जर और शासन व्यवस्था दिशाहीन थी। पिछले 11 वर्षों में 'मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस' से देश के विकास की स्पीड और स्केल दोनों को बदला गया है।



अमेरिका के राष्ट्रपति और अरबपति / टेस्ला मालिक के बीच झगड़ा !

# चलती ट्रेनों से गिरने से 4 की मौत


## लोकल ट्रेन और फास्ट ट्रैक ट्रेन में सवार यात्री टकराकर गिरे

**मुंबई, 9 जून. महाराष्ट्र के मुंबई में चलती ट्रेन से गिरकर 4 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य यात्री घायल हो गए. हादसा सुबह 9.20 बजे मुंब्रा रेलवे स्टेशन पर हुआ. छत्रपति शिवाजी टर्मिनल की तरफ जा रही लोकल ट्रेन और फास्ट ट्रैक में आ रही ट्रेन में सवार यात्री आपस में टकराकर गिर गए. इस घटना में घायल लोगों को उपचार के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल कलवा में भर्ती कराया गया है.**

यात्रियों के ट्रेन से गिरने की प्राथमिक जानकारी कसारा की तरफ जाने वाले लोकल गार्ड ने दी थी. सेंट्रल रेलवे की तरफ से कहा गया है कि दुर्घटना की जांच शुरू हो गई है. इस घटना से लोकल सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं. पुलिस ने इस हादसे में 4 मौतों की पुष्टि की है. वहीं, 13 लोगों के घायल होने की बात कही जा रही है.

हादसे में जीआरपी जवान विक्की मुखियादल की भी मौत हो गई. सेंट्रल रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल धनराज नीला ने बताया कि आठ लोग ट्रैक पर गिरे थे. अब तक अस्पताल से किसी की मौत की खबर नहीं मिली है. यह हादसा मुंब्रा और दिवा रेलवे स्टेशन के बीच हुआ. हादसे का शिकार हुए यात्री लोकल ट्रेन के दरवाजे पर लटककर यात्रा कर रहे थे. उनके बैग आपस में टकरा गए, जिससे यह हादसा हुआ.

### एक नजर में



#### त्रिलोकपुरी मेट्रो स्टेशन के कमरे में लगी आग

**नई दिल्ली.** दिल्ली के त्रिलोकपुरी-संजय लेक मेट्रो स्टेशन के पास स्थित एक कमरे में आग लग गई, जिससे पिंक लाइन पर ट्रेन सेवाएं बाधित रही. यहां आग लगने से पूरे स्टेशन पर हड़कंप मच गया. आग की लपटे उठती देख तुरंत दमकल कर्मियों को घटना की सूचना दी गई. आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 4 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू करने का प्रयास किया गया. स्टेशन के तकनीकी कमरे में लगी आग दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने बताया कि त्रिलोकपुरी-संजय लेक मेट्रो स्टेशन के तकनीकी कमरे में शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई. आग और धुंआ निकलने के कारण मजलिस पार्क से शिव विहार रूट पर ट्रेन सेवाएं बाधित रहीं. बताया जा रहा है कि यहां सुबह 11.20 बजे स सेवाएं प्रभावित रही हैं.

#### 55.52 करोड़ के नशीले पदार्थ और नकदी जब्त

**नयी दिल्ली.** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई), सीमा शुल्क, 37 बीएन असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में तस्करी के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए मणिपुर के चुराचांदपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में 'ऑपरेशन व्हाइट वेल' विशेष अभियान में लगभग 55.52 करोड़ रुपये मूल्य के नशीले पदार्थ और नकदी जब्त करते हुये पांच लोगों को गिरफ्तार किया है. वित्त मंत्रालय ने आज यहां जारी बयान में कहा कि पांच से सात जून के दौरान चलाये गये इस अभियान के दौरान 54.29 करोड़ रुपये की 7,755.75 ग्राम हेरोइन और 87.57 लाख रुपये की 6,736 ग्राम अफीम जब्त की गई. इसके अतिरिक्त 35.63 लाख रुपये नकद जब्त किये गये. दो बाओफेंग वॉकी-टॉकी और एक मारुति ईको वैन जब्त की गई.

### गुस्ताखी माफ




# सोनम ने रचा था पति की हत्या का षड्यंत्र

## हनीमून के बहाने शिलांग ले जाकर प्रेमी संग मिलकर राजा को दी मौत

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. महज 28 दिन पहले विवाह बंधन में बंधी सोनम ने जिस पति के नाम की मेंहदी हाथों में सजाई, उसी की हत्या करने के आरोप में उजागर भी हो गई. हनीमून के बहाने पति राजा रघुवंशी को शिलांग ले जाकर मौत की गहरी खाई में ढकेलने वाली इस साजिश में सोनम अकेली नहीं थी. उसका प्रेमी और इंदौर के दो अन्य युवक इस नृशंस हत्या में शामिल थे, पुलिस ने तीनों आरोपियों को रविवार की रात को ही गिरफ्तार कर लिया था, जबकि चौथा आरोपी आनंदकुर्मी लापता था, जिसे सोमवार को पुलिस ने बीना से गिरफ्तार करना बताया है.**

मामले में एडीशनल डीसीपी क्राईम राजेश दंडोतिया ने विस्तार से जानकारी देते मीडिया को बताया कि राजा रघुवंशी की लाश 20 मई को शिलांग की एक खाई में मिली थी, वहीं सोनम लापता बताई गई थी. पूरे मामले ने जब तूल पकड़ा तो मेघालय पुलिस से लेकर इंदौर पुलिस तक सक्रिय हुई. लेकिन 17 दिन बाद इस रहस्य से पर्दा खुद सोनम ने ही हटाया, जब वह उत्तरप्रदेश के


सोनम रघुवंशी | राज कुशवाहा

गाजीपुर जिले के नंदगंज इलाके में एक ढाबे पर पहुंची और वहीं से भाई को वीडियो कॉल कर खुद के सुरक्षित होने की जानकारी दी. इंदौर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गाजीपुर पुलिस की मदद से सोनम को हिरासत में लिया. मेडिकल जांच में उसके शरीर पर किसी तरह की मारपीट या जबरदस्ती के निशान नहीं मिले. पूछताछ में सोनम ने हत्या की पूरी साजिश कबूल कर ली. उसने बताया कि पिता की दुकान पर काम करने वाले युवक राज कुशवाह से उसके प्रेम संबंध थे, जो विवाह के पहले भी सक्रिय थे और शादी के बाद भी जारी रहे.

सोनम ने प्रेमी के साथ मिलकर राजा को रास्ते से हटाने की योजना बनाई और शिलांग में सुनियोजित ढंग से उसे मौत के घाट उतार दिया. इंदौर पुलिस ने इस मामले में सोनम के प्रेमी राजसिंह कुशवाह सहित विशाल और आकाश उर्फ आनंद को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं चौथा आरोपी आनंद कुर्मी उत्तरप्रदेश निवासी भी शाम तक गिरफ्तार हो गया.

### ललितपुर से मेघालय पुलिस ने युवक को पकड़ा

**ललितपुर.** बीते दिनों मेघालय के शिलांग में शादी के बाद घूमने गये नवदम्पत्ति में युवक की हत्या के मामले का कनेक्शन ललितपुर से जुड़ा है. सोमवार को मेघालय पुलिस ने हत्या में शामिल होने की बात कहते हुये ललितपुर के महरौनी अंतर्गत एक गांव से युवक को गिरफ्तार किया है. मेघालय पुलिस उसे अपने साथ ले गयी. बताया जा रहा है कि इस हत्याकाण्ड से जुड़ा यह आरोपित ललितपुर के रहने वाले हैं. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ट्रांस्पोर्ट का काम करने वाले महरौनी अंतर्गत चौकी गांव निवासी आकाश राजपूत को आज बाहर से आयी पुलिस ने हिरासत में लिया और अपने साथ लेकर चली गयी. इस घटना को लेकर ललितपुर पुलिस का कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है. लेकिन इस बहुचर्चित हत्याकाण्ड के मामले में ललितपुर का कनेक्शन निकलने के बाद तमाम प्रकार के चर्चाओं के बाजार गर्म हो उठे हैं.




**आज होगी मुलाकात** | बेंगलुरु भगदड़ मामले में कांग्रेस हाइकमान सख्त, 11 लोगों की गई थी जान

# कर्नाटक सीएम और डिप्टी सीएम दिल्ली तलब

**नई दिल्ली, 9 जून. बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में भगदड़ के बाद कांग्रेस हाई कमान ने बड़ा कदम उठाया है. इसकी ओर से कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को दिल्ली बुलाया गया है. इस भगदड़ में 11 लोगों की जान चली गई थी और कई जख्मी हो गए थे.**

कांग्रेस हाई कमान इस घटना को लेकर गंभीर है और उसने सीएम और डिप्टी सीएम को तलब किया है, ताकि मामले की पूरी जानकारी ली जा सके. राहुल



गांधी मंगलवार सुबह इन दोनों नेताओं से मुलाकात करेंगे. डीके शिवकुमार पहले से ही एक सरकारी कार्यक्रम के लिए दिल्ली में हैं. वहीं, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया मंगलवार सुबह दिल्ली पहुंच सकते हैं.

कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को मंगलवार सुबह राहुल गांधी से मिलने के लिए कहा गया है. दरअसल, कांग्रेस हाई कमान की ओर से यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब बेंगलुरु भगदड़ को लेकर विपक्षी दल बीजेपी और जेडीएस राज्य सरकार पर लगातार दबाव बनाए हुए हैं. देखना होगा कि इस मुलाकात के बाद कांग्रेस हाई कमान क्या फैसला लेती है और क्या मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री पर कोई कार्रवाई होती है. फिलहाल, सभी की निगाहें इस बैठक पर टिकी हुई हैं. इस घटना से कर्नाटक की कांग्रेस सरकार चौतरफा आरोपों के घेरे में है. हालांकि इससे पहले रविवार को सिद्धारमैया ने इस बेंगलुरु में हुई भगदड़ की घटना पर दुख जताया था.